# नालियों के ऊपर से अवैध कब्जा हटाए हटाने की कार्रवाई जारी

**भिलाईनगर।** स्थानी लोगों की शिकायत मिल रही थी कि जुनवानी पेट्रोल पंप के सामने, शंकरा इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, पंडित दीनदयाल आवासीय योजना तक बहुत से छोटे–बड़े खाने–पीने की सामग्री बेचने वालों की दुकान संचालित हो रही है। जहां पर रात का बचा खाद्य सामग्री उठाकर नालियों में डाल देते हैं। इससे उधर बदबू फैला है और उन दुकानों पर खाने वाले लोग भी बेतरतीब गाड़ियां खड़ा कर देते हैं जिससे ट्रैफिक जाम हो जाता है। नालियों के ऊपर स्लैप डालकर कब्जा कर लेने से सफाई नहीं हो पा रहा रहा था। जब तक हटेगा नहीं तब तक पानी का बहाव ठीक नहीं होगा। प्राप्त शिकायत के आधार पर जोन क्रमांक 1 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी के साथ मिलकर नालियों के ऊपर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई किए। इसके पूर्व में भी वहां पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन लोगों द्वारा फिर से नालियों के ऊपर स्लैब डालकर कब्जा कर लिया गया था। जिससे पानी जाम हो रहा था एवं बड़ी नाली में पानी नहीं पहुंच रहा था। बरसात से पूर्व नालों की साफ–सफाई ठीक से हो जाए इसलिए गैंग लगाकर काम कराया जा रहा है। उन जगहों पर परेशानी हो रही है, जहां पर नालियों के ऊपर अवैध कब्जा करके स्लैब डालकर लोग कब्जा कर लिए हैं। उसको रोकने के लिए निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है, इसके आगे भी कार्रवाई जारी रहेगा। इसके पहले यातायात विभाग द्वारा भी लोगों को चेतावनी दी गई थी, फिर भी लोग नहीं सुधरे। निगम द्वारा निर्मित मुनारी भी कराया जा रहा है। नगर निगम भिलाई सभी नागरिको से अपील करती है कि कोई भी बची हुई सामग्री नाली में ना फेकें। नगर निगम का सफाई गाड़ी कचरा लेने के लिए घूमती है उसी में दिया करें। कार्रवाई के दौरान जोन सहायक राजस्व निरीक्षक शशांक सिंह, विनोद शुक्ला, नंदू सिंह, इनाम सिंह कनौजे एवं अन्य कर्मचारी अधिकारी शामिल रहे।

